कैंपस प्रभात 10.04.2024

योगिता परीक्षा पर्षद : औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आइटीआइ) में एडमिशन के लिए पांच मई तक करें आवेदन

सुविधा. वोकेशनल कोर्स बीबीए और बीसीए की विधिवत मान्यता से पढ़ाई होगी आसान

एआइसीटीइ मान्यता मिलने पर एचडी जैन कॉलेज में खुशी का माहौल, दी बधाई

खुशी

संवाददाता, आरा

मान्यता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानेवाले प्रोफेसर को सम्मानित करते प्राचार्य.

एचडी जैन कॉलेज के वोकेशनल कोर्स बीबीए व बीसीए को विधिवत मान्यता मिलने के अवसर पर एचडी जैन कॉलेज में शुभकामना कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें इस उपलब्धि को लेकर प्रसन्नता व्यक्त करने के लिए सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे. कार्यक्रम में इस कार्य के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभानेवाले डॉ अल्ताफ मलिक को सम्मानित किया गया एवं प्रशंसा पत्र प्रदान किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र कुमार ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में शिक्षा जगत में कंप्यूटर का ज्ञान होना बहुत महत्वपूर्ण है. किसी भी संस्था की सफलता वहां के लोगों के नेतृत्व करने की क्षमता में निहित है. वहीं, उन्होंने बताया कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी जी के विजन को ध्यान में रखते हुए बीबीए व बीसीए कोर्सेज को विशेष रूप से विकसित करने तथा एमबीए व एमसीए कोर्सेज के लिए आगे प्रयास करने के क्रम में जैन कॉलेज ने यह कदम बढ़ाया है. बीसीए कोर्स के लिए प्रधानाचार्य ने कहा कि गणित विषय का बीसीए कोर्स में इतना महत्व है कि बिना गणित के कोर्स करने पर इसका उतना महत्व नहीं है, जितनी गणित के साथ करने पर है. इसको करने पर एमसीए में भी शीघ्र प्रवेश मिल जाता है. कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में डॉ वज्रांग प्रताप केसरी ने इसके लिए एआईसीटीई की पूरी टीम को बधाई दी. विशेष वक्ता डॉ संजय त्रिपाठी ने जैन कॉलेज को इसी तरह एक टीम के साथ मिलजुल कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया. वहीं जीव विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ अंजली गुप्ता ने टीमवर्क के महत्व को बताया. कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ तबस्सुम बानो ने किया व कहा कि जैन कॉलेज में टीम वर्क के कारण कॉलेज का स्वर्णिम काल पुनर्स्थापित होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है.

वहीं, डॉ अरुंधति मलिक ने अप्रूवल कमेटी के सभी सदस्यों का नाम लेकर धन्यवाद ज्ञापित किया. इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षित कर्मचारी उपस्थित थे. इसके बारे में डॉ अल्ताफ मलिक ने बताया कि एआइसीटीइ से मान्यता मिलने के बाद जैन कॉलेज से बीबीए व बीसीए करने वाले विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र की मान्यता बहुत बढ़ जायेगी. विद्यार्थियों के प्लेसमेंट में भी बहुत मदद मिलेगी. विश्वविद्यालय के कुलपति से प्रेरणा लेकर इस कार्य को आगे बढ़ने का निर्णय प्रधानाचार्य द्वारा लिया गया था.

Wednesday, April 10, 2024
Arrah
https://epaper.prabhatkhabar.com/clip/66157f4eddfcd9b52e7416e3